महत्वपूर्ण एवं खास

क्रिकेट के महाकुंभ के साथ सटोरिए हुए सक्रिय

महासमुं, (आरएनएस)। क्रिकेट का महाकुंभ यानी आईपीएल की शुरूआत शनिवार से हो गई है। इसके साथ ही जिले में सटोरिए सक्रिय होने की खबर मिल रही है। पिछले कई वर्षो में क्राइम ब्रांच की टीम ने आईपीएल मैच के दौरान दुकानों व घरो में छपामार कार्रवाई करते हुए तीन से चार प्रकरण दर्ज थानों में दर्ज किए गए थे। एक बार फिर से आईपीएल मैच की शुरूआत होने से खाईवाल इस वर्ष पुलिस से बचने पहले ही अलर्ट हो गए है। पुलिस के पास आधा दर्जन ऐसे नाम है, जो सट्टा का कारोबार चलाने में सक्रिय है। गली मोहल्लों तक खाईवाल व उनके एजेंट सक्रिय है। प्रत्येक ओवर, चौके छक्के, हार-जी पर दांव लगाया जा रहा है। आजकल नेट बैंकिग, मोबाइल वालेट, कैशलेस एप्प की मदद पर ही रुपए का लेन-देन हो रहा है। नामचीन सटोरिए इस कार्य के लिए अलग-अलग मोबाइल सीम, हैंडसेट का उपयोग कर रहे हैं। बीते सीजन में क्राइम ब्रांच की टीम ने छापामार कार्रवाई की थी।

युवती पर ब्लेड से हमला

रायपुर, (आरएनएस)। युवती पर ब्लेड से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी दुर्गा जोशी पिता परमेश्वर जोशी 22 वर्ष कुकरी तालाब पार की रहने वाली है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थिया के पड़ोस में रहने वाला आरोपी सत्यनारायण उर्फ सत्तु गाली-गलौज कर रहा था। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,323,324,336 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

रायपुर, (आरएनएस)। भाठागांव चौक रिंग रोड नंबर 1 सिग्नल के पास ट्रक की टक्कर से अल्टो कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अश्वनी कुमार शर्मा पिता स्व.गयाप्रसाद शर्मा 57 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी अपनी अल्टो कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 4295 से कहीं जा रहा था तभी भाठागांव चौक रिंग रोड नंबर 1 सिग्नल के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 7125 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अल्टो कार को टक्कर मार दिया।

बस्तर से देश सहित प्रदेश के लिये 15 मई से होगी नियमित हवाई उड़ान

जगदलपुर, (आरएनएस)। आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र के बस्तर आगमन पर हवाई सेवा के लिये तैयार विमानतल की टर्मिनल बिल्डींग का शुभारंभ मोदी के हाथों से संपन्न होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी नागरिक उड्डयन विभाग के द्वारा नियमित उड़ान के लिये अनुमति नहीं दी गई है। वैसे उम्मीद की जा रही है कि उड्डयन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज कल में यहां आकर संपूर्ण औपचारिकताओं का निरीक्षण कर अनुमति प्रदान कर सकते हैं। इसीलिए संभावना है कि आगामी 15 से यहां से देश व प्रदेश के लिये हवाई यात्री सीमाएं शुरू हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि समूची औपचारिकताओं के पूर्ण होने के लिये और हवाई तल को यात्री सेवा शुरू करने के संबंधित छोटे-छोटे कार्यों को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इससे प्रधानमंत्री के आगमन पर जगदलपुर विमानतल का शुभारंभ टर्मीनल बिल्डींग की शुरूआत के साथ हो जायेगा। अन्य जो भी औपचारिकताएं बचेगीं उन्हें तत्काल सीमित अवधि में पूरा कर लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे जगदलपुर रायपुर, जगदलपुर से विशाखापट्टनम सहित अंबिकापुर तक सीधी उड़ान संभव हो जायेगी और लोग पलों में ही अपने गंतव्य तक पहुंच पायेंगें। इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि सड़क मार्ग से गंभीर मरीजों को रायपुर अथवा विशाखापट्टनम तक या अन्य कोई शहर में जाने में अत्यधिक समय लग जाता है।

अब यदि हवाई सेवा शुरू हुई तो रायपुर या विशाखापट्टम या अन्य किसी बड़े शहर में गंभीर मरीजों को ले जाने में सरलता भी हो सकती है। इससे कई मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर, (आरएनएस)। धुसेरा रोड सेजबहार में चार युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभिषेक कुमार चेलक पिता लखनलाल 20 वर्ष ग्राम धुसेरा रोड सेजबहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ईश्वर बंदे, भुनेश्वर बंदे, डिगेश बंदे व गिरधारी बंदे ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सांध्यदैनिकों के लिए (रायपुर) सरस्वती शिशु स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने पीलिया को भगाने का प्रण लिया

रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने सरस्वती शिशु मंदिर रोहिणी पुरम में पीलिया से बचाव के प्रति लगभग 175 बच्चों के बीच पीलिया जागरुकता अभियान का आयोजन किया। स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री डॉ. इरावत परगनिहा एवं समस्त षिक्षकों की उपस्थिति में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की टीम ने बच्चों को समझाया कि पीलिया रोग को दूर भगाने के लिए पानी को हमेषा उबालकर ही पीना चाहिए। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की टीम ने बच्चों के बीच एक्टिविटी को माध्यम बनाकर उनकों कई तरह के गेम के माध्यम से समझाया कि गुपचुप, चाट, गन्ने का रस, बासी खाना, बर्फका गोला, आईसक्रीम, कटे हुए फल, खुला हुआ खाना, ऐसा खाना जिसमें मक्खियां बैठती है, आदि से हमेषा दूरी बनाकर रखना चाहिए, उन्हें नहीं खाना चाहिए। प्रषिक्षक पुरुषोश्रम मिश्रा ने बताया कि खुले में षौच बीमारी को निमंत्रण देने जैसा है। इसी संदर्भ में उन्होंने बताया कि सभी को अपने आसपास सपाई रखनी चाहिए। खुद को साफसुथरा रखना चाहिए। आसपास अगर कोई ऐसा करता है, तो हमें उसको भी रोकना चाहिए। सभी बच्चो को इस बात पर जोर दिया कि पीलिया भगाना हैं और रायपुर को स्वच्छ बनाना है, ऐसा हमें स्वयं भी करना है और दूसरो से भी करवाना है। रायपुर स्मार्ट सिटी के षुभंकर रायकृ ने सभी बच्चों का भरपूर मनोरंजन करते हुए बच्चों को स्वच्छता का संदेष दिया। आयोजन के दौरान चंचल देवांगन, नील्म खलको, भूपेंद्र सिंह, श्रीमती मनीषा, चंद्रषेखर बघेल आदि स्कूल षिक्षक उपस्थित थे।

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती 14 को आयोजित

रायपुर, (आरएनएस)। महापौर प्रमोद दुबे एवं नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष राधेष्याम विभार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम संस्कृति विभाग ने दिनांक 14 अप्रैल 2018 को सुबह 10 बजे राजधानी शहर के कलेक्टोरेट चौक के पास स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने उनको ससम्मान नमन करने जयंती कार्यक्रम आयोजित किया है। महापौर दुबे व निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष विभार ने नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग की ओर से समस्त राजधानीवासियों से 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को उनकी जयंती पर ससम्मान नमन करने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

पीएम की सभा में ग्रामीणों को आने से रोक रहे नक्सली

जगदलपुर, (आरएनएस)। माओवादियों की पश्चिम बस्तर डिवीजनल कमेटी ने बीजापुर जिले के मुख्य मार्गो एवं गांवों में पाम्पलेट चस्पाकर ग्रामीणों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 अप्रैल को ग्राम जांगला में आयोजित सभा में न जाने का फरमान जारी किया है। सूत्रों के अनुसार गांव-गांव में बैठकें लेकर भी नक्सली ग्रामीणों को सभा में आने से मना कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों की मानें तो भैरमगढ़ सहित जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को नक्सलियों ने सख्त हिदायत दी है कि यदि राजनैतिक पार्टी के लोग गाड़ियों में लेने आते हैं, तो उन्हें मार भगाओ। इधर भाजपा ने जनसभा के लिए एक लाख से अधिक भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर

एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल- nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931